**GOVERNMENT OF INDIA**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT**
**LABOUR BUREAU**

**'CLEREMONT', SHIMLA-171004**
**DATED: 31st March, 2021**

**F.No. 5/1/2021-CPI**

**Press Release**

**Consumer Price Index for Industrial Workers (2016=100) – February, 2021**

The Labour Bureau, an attached office of the M/o Labour & Employment, has been compiling Consumer Price Index for Industrial Workers every month on the basis of retail prices collected from 317 markets spread over 88 industrially important centres in the country. The index is compiled for 88 centres and All-India and is released on the last working day of succeeding month. The index for the month of February, 2021 is being released in this press release.


The All-India CPI-IW for February, 2021 increased by 0.8 points and stood at 119.0 (one hundred nineteen and point zero). On 1-month percentage change, it increased by 0.68 per cent with respect to previous month as against a decline of 0.61 per cent between corresponding months a year ago.

The maximum upward pressure in current index came from Fuel & Light group contributing 0.31 percentage points to the total change. It was further supplemented by Miscellaneous and Food & Beverages groups contributing 0.23 and 0.21 percentage points respectively to total rise. At item level, Milk, Mustard Oil, Soyabean Oil, Sunflower Oil, Apple, Mango, Orange, Lady Finger, Onion, Parval, Served & Processed Packaged Food, Cooking Gas, Barber Charges, Petrol, etc. are responsible for the rise in index. However, this increase was checked by items like Rice, Potato, Tomato, Eggs-Hen, Cabbage, Ginger, etc. putting downward pressure on the index.

At centre level, Madurai recorded the maximum increase of 4.0 points. Among others, 3 centres observed an increase between 3 to 3.9 points, 7 centres between 2 to 2.9 points, 22 centres between 1 to 1.9 points and 34 centres between 0 to 0.9 points. On the contrary, Labac-Silchar and Kolkata recorded a decrease of 2.4 and 2.0 points respectively. Among others, 5 centres observed a decline between 1 to 1.9 points and 14 centres between 0 to 0.9 points.

Year-on-year inflation for the month stood at 4.48 per cent compared to 3.15 per cent for the previous month and 6.84 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, Food inflation stood at 4.64 per cent against 2.38 per cent of the previous month and 8.33 per cent during the corresponding month a year ago.


## Y-o-Y Inflation based on CPI-IW (Food and General)




### All-India Group-wise CPI-IW for January and February, 2021

| Sr. No. | Groups | Jan., 2021 | Feb., 2021 |
|---|---|---|---|
| I | **Food & Beverages** | 117.4 | 117.9 |
| II | **Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants** | 134.4 | 135.8 |
| III | **Clothing & Footwear** | 117.8 | 118.4 |
| IV | **Housing** | 115.2 | 115.2 |
| V | **Fuel & Light** | 136.4 | 142.0 |
| VI | **Miscellaneous** | 116.9 | 117.6 |
| | **General Index** | **118.2** | **119.0** |

## CPI-IW: Groups Indices




The next issue of CPI-IW for the month of March, 2021 will be released on Friday 30th April, 2021. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in.*

31/3/2021

**(Shyam Singh Negi)**
Deputy Director General

भारत सरकार

श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय

श्रम ब्यूरो

'क्लेरमॉन्ट' शिमला- 171004

दिनांक: 31 मार्च, 2021

संख्या- 5/1/2021- सी.पी.आई.

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (2016=100)- फ़रवरी, 2021**

श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय से संबंधित कार्यालय द्वारा हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन सम्पूर्ण देश में फैले हुए 88 महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा मूल्यों के आधार पर किया जाता है। सूचकांक का संकलन 88 औद्योगिक केंद्रों एवं अखिल भारत के लिए किया जाता है और आगामी महीने के अंतिम कार्यदिवस पर जारी किया जाता है। फ़रवरी, 2021 के लिए सूचकांक इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया जा रहा है।


फ़रवरी, 2021 का अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) 0.8 अंक बढ़कर 119.0 (एक सौ उन्नीस दशमलव शून्य) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में पिछले माह की तुलना में 0.68 प्रतिशत की वृद्धि रही जबकि एक वर्ष पूर्व इन्हीं दो महीनों के बीच 0.61 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान ईंधन एवं प्रकाश समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को 0.31 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित किया। इस वृद्धि को विविध एवं खाद्य व पेय समूहों ने 0.23 व 0.21 बिन्दु प्रतिशतता से प्रभावित कर संपूरित किया। मदों में, दूध, सरसों तेल, सोयाबीन तेल, सूरजमुखी तेल, सेब, आम, संतरा, भिंडी, प्याज, परवल, तैयार एवं परिष्कृत खाद्य पदार्थ, कुकिंग गैस, पेट्रोल, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरित चावल, आलू, टमाटर, अंडा-मुर्गी, पत्तागोबी, अदरक, आदि ने सूचकांक में दर्ज वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

केंद्र-स्तर पर मदुरई केंद्र के सूचकांक में अधिकतम 4.0 अंकों की वृद्धि रही। अन्य 3 केंद्रों में 3 से 3.9 अंक के बीच वृद्धि दर्ज की गई जिसके पश्चात 7 केंद्रों में 2 से 2.9 अंक के बीच, 22 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक के बीच तथा 32 केंद्रों में 0 से 0.9 अंक के बीच वृद्धि रही। इसके विपरीत, लबाक-सिलचर एवं कोलकाता में 2.4 एवम् 2.0 अंकों की कमी दर्ज की गई। अन्य 5 केंद्रों में 1 से 1.9 अंक तथा शेष 14 केंद्रों में 0 से 0.9 अंक की कमी पाई गई।

फ़रवरी, 2021 के लिए मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 3.15 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 6.84 प्रतिशत की तुलना में 4.48 प्रतिशत रही। खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 2.38 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 8.33 प्रतिशत की तुलना में 4.64 प्रतिशत रही।


## सी.पी.आई.- आई.डब्ल्यू. पर आधारित्त मुद्रास्फीति दर (सामान्य एवं खाद्य)




### अखिल-भारत समूह-वार सूचकांक: जनवरी एवं फ़रवरी, 2021

| क्र. सं. | समूह | जनवरी, 2021 | फ़रवरी, 2021 |
|---|---|---|---|
| I | खाद्य एवं पेय | 117.4 | 117.9 |
| II | पान, सुपारी, तंबाकू एवं नशीले पदार्थ | 134.4 | 135.8 |
| III | कपड़े एवं जूते | 117.8 | 118.4 |
| IV | आवास | 115.2 | 115.2 |
| V | ईंधन एवं प्रकाश | 136.4 | 142.0 |
| VI | विविध | 116.9 | 117.6 |
| | **सामान्य सूचकांक** | **118.2** | **119.0** |

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू : समूह सूचकांक




सूचकांक की आगामी कड़ी मार्च, 2021 माह के लिए दिन शुक्रवार, 30 अप्रैल, 2021 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाईट <u>www.labourbureaunew.gov.in</u> पर भी उपलब्ध रहेगा।

31/3/2021

(श्याम सिंह नेगी)

उप महानिदेशक